तापमान
अधिकतम 20.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 दिसंबर 2023

09 मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए छम्मन महंत



10 सोंझरी समाज के बच्चे भटक रहे जाति प्रमाण पत्र बनाने





## विशेष पिछड़ी जनजाति के 2 गांवों में निवासरत परिवार केंद्रीय योजनाओं से होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला कार्यालय सभागार में कलेक्टर चंदन कुमार ने पीएम जनमन योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान पीएम जनमन योजना के अंतर्गत जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह कमार की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर श्री कुमार ने जिले के चिन्हांकित सभी पीवीटीजी समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्ययोजना बनाकर सर्वे कराने तथा शिविर के माध्यम से कैंप लगाकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने तथा सर्वे का प्रारूप बनाने के लिए भी कहा। जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पीवीटीजी निवासरत गांवों के सर्वे के पश्चात प्राप्त आंकड़े के आधार पर चिन्हांकित लोगों को लाभान्वित करने पूरी तत्परता से कार्य करने संबंधित अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जनमन योजना के अंतर्गत प्रगति की एंट्री आनलाइन पोर्टल में भी की जाएगी और इसी आधार पर समीक्षा की जाएगी। आदिवासी विकास विभाग के प्रभारी सहायक आयुक्त श्री पटेल ने ▶▶ शेष पेज 09 पर

### योजना का लाभ दिलाने सर्वे होगा और कैंप लगाये जाएंगे



#### 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन होगा

गौरतलब है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाइल मेडिकल यूनिट, छात्रवास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाइल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित कुल 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर बीसी एक्का, डीएफओ मयंक अग्रवाल सहित अन्य संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### घर से 16 बकरा-बकरी की चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**खरोरा।** ग्राम गनियारी में गत रात्रि मवेशी पालक रघुनंदन यादव के घर बाड़े से अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ कर 16 नग बकरा-बकरी चोरी कर लिये। आर्थिक रूप से कमजोर रघुनंदन यादव का जीवन यापन का मुख्य आधार मवेशी पालन पर ही निर्भर है। इसके पूर्व दो वर्ष पहले बकरी चराने खार गये रघुनंदन यादव से कुछ अज्ञात लोगों ने मारपीट कर एक बकरा लूट कर ले गये थे। चोरी की घटना की शिकायत खरोरा पुलिस थाने में दी गई है। पुलिस इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए चोरों की पतासाजी में जुटी है।

### पनगांव व रसेड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा आज

**बलौदाबाजार।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत 22 दिसम्बर को बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पनगांव और रसेड़ी में शिविर आयोजित होंगे। ग्राम पनगांव में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक शासकीय मैदान में शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ग्राम पंचायत पनगांव, लवनबन एवं मगरचबा के लोग शामिल होंगे। वहीं ग्राम पंचायत रसेड़ी में दोपहर 2 से अपरान्ह 5 बजे तक बाजार चौक में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में ग्राम पंचायत रसेड़ी, रसेड़ा एवं मेढ़ के ग्रामीण शामिल होंगे।

### लेखा समाधान बैठक 28 को

**बलौदाबाजार।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अन्तर्गत परिणाम घोषणा के 26वें दिन अभ्यर्थियों को अपने निर्वाचन व्यय की न्यूनोक्त राशि यदि कोई है के संबंध में लेखा समाधान का एक अवसर दिया जाना है। इस हेतु 28 दिसंबर को अपरान्ह 12 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया है। बैठक में सभी अभ्यर्थियों को उपास्थित होने का आग्रह किया गया है।

### कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**बलौदाबाजार।** जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार द्वारा स्थानीय गार्डन चौक में आज 1 बजे से धरना प्रदर्शन किया जायेगा।जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने देश की लोकतंत्र पर अभूतपूर्व हमला करते हुए संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के 142 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। लोकतंत्र की हत्या व 142 सांसदों के निलंबन के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार–भाटापारा द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेसजन को शामिल होने अपील की गई है।

### कार्रवाई : जिला खनिज विभाग ने आधी रात बाद की कार्रवाई

## अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, 1 चेन माउंटेडफोकलेंड सहित 9 हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध रेत परिवहन के मामलों में तेजी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत खनन और भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई, जिसमें 1 चेन माउंटेडफोकलेंड सहित 9 रेत से भरे हाईवा जब्त किए गए। जिला खनिज अधिकारी केके बंजारे ने बताया कि देर रात 12 से 3 बजे के बीच खनिज विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण के संबध में जांच की गई। जांच के दौरान लवन तहसील अंतर्गत ग्राम सुनसुनिया में महानदी क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन संलिप्त 1 चेन माउंटेडफोकलेंड मशीन टाटा हिताची चेचिस क्रमांक एसपी 21 62281 को जब्त कर सील कर दिया गया है। इसके साथ ही घाट के नजदीक 9 रेत से भरे हाईवा सीजी 09 जेएफ 6935, सीजी 12 बीड़ी 6182, सीजी 22 डब्लू 2555, सीजी 22 डब्लू 2666 सीजी 22 वाय 8410, सीजी 09 जेक्यू 9988, सीजी 04पीबी 2398, सीजी 04 पीएफ 8898 एवं सीजी 22 एक्स 3674 शामिल हैं। सभी जब्त वाहन नजदीकी थाना लवन के सुपुर्दगी में रखा गया है। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत की गई है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।



### परिवहन के साथ रॉयल्टी पर्ची की जांच होगी

गौरतलब है कि कलेक्टर चंदन कुमार ने जिले में रेत के अवैध कारोबार के मामले में अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। अवैध रेत के भंडारण, अनुमति और उत्खनन, परिवहन के साथ–साथ रॉयल्टी पर्ची आदि सभी दस्तावेजों के परीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं। श्री कुमार ने कहा है कि ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अवैध रेत खनन व धंधा करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है और ऐसे अवैध धंधे एवं परिवहन करते पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चखना सेंटरों में शराब परोसने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

अवैध रूप से संचालित चखना सेंटरों पर थाना सुहेला पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि ग्राम हिरमी बैंक तिगड्डा के पास, बर भाठा एवं ग्राम मोहरा शराब भट्टी के पास अवैध रूप से लोगों को शराब पीने हेतु पानी, गिलास, चखना की सुविधा उपलब्ध कराने की सूचना मिली। इस पर थाना सुहेला पुलिस द्वारा रेड कार्रवाई कर आरोपी कुलदीप अनंत पिता छन्नूलाल अनंत 19 साल साकिन ग्राम कुथरौद, नरेन्द्र अनंत पिता छन्नूलाल अनंत 29 साल साकिन ग्राम कुथरौद, लालाराम जायसवाल पिता सुरेश जायसवाल 33 साल साकिन हिरमी, मनोज यदु पिता गणेश यदु 40 साल साकिन हिरमी को लोगों को शराब पीने हेतु पानी, गिलास, चखना की सुविधा उपलब्ध कराते रंगे हाथ पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 'एक पाव देशी मसाला शराब वाली शीशी में 90–90 एमएल भरी हुई कुल 360 एमएल देशी मशाला शराब, जुमला कीमती 260 रूपए, शराब की गंधयुक्त डिस्पोजल गिलास' को मुताबिक जब्ती पत्रक जब्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया और आरोपियों के विरूद्ध'36(ब) आबकारी एक्ट के तहत पृथक–पृथक अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### 11 महिलाओं को दिया गया उज्ज्वला गैस कनेक्शन



**बलौदाबाजार।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत रिसदा में आयोजित शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में खाद्य विभाग द्वारा 11 महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया। इनमें ग्राम रिसदा निवासी सीमा वर्मा, दीपा वर्मा, मंजीता बंजारे, दीपामाला धृतलहरे, हेमलता साहू, पिंजला साहू सहित अन्य हितग्राही शमिल हैं। इसके साथ ही सभी हितग्राहियों ने गैस कनेक्शन मिलने पर प्रशासन एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## विधायक टंकराम वर्मा को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर शहर में जमकर हुई आतिशबाजी

**बलौदाबाजार।** जिले के बलौदाबाजार विधानसभा से निर्वाचित भाजपा विधायक टंकराम वर्मा को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने से जिला भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताते हुए जमकर आतिशबाजी की। पटाखों की आवाज शहर में देर रात तक गूंजते रही। श्री वर्मा बलौदाबाजार जिले से इकलौता भाजपा विधायक है। विदित हो कि टंकराम वर्मा इसके पहले रायपुर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष एवं रायपुर जिला ग्रामीण भाजपा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। नगरवासियों और कार्यकर्ताओं को श्री वर्मा के मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की जानकारी मिलते ही उन्हें बधाई देने वालों का



ताता देर रात तक लगा रहा, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल, भाजपा के विरिष्ठ नेता विजय केशरवानी, पूर्व नपा अध्यक्ष अशोक जैन एवं नंदकुमार साहू, रितेश श्रीवास्तव, राहुल सोनी, पुरषोत्तम सोनी, आलोक अग्रवाल सहित जिले के भाजपा कार्यकर्ता शामिल हैं।

### तलवार लेकर लोगों को किया भयभीत, आरोपी युवक गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** ग्राम मोपका में बुधवार की रात गुरु घासीदास जयंती का कार्यक्रम आयोजित था, जिसमें कानून व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। इसी दरम्यान एक व्यक्ति को मोपका, पानी टंकी के पास, तलवार रखकर घूमते मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त व्यक्ति को तलवार के साथ पकड़ा गया।



आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम बाबूलाल सुमन पिता कृपाराम सुमन 40 वर्ष निवासी ग्राम भदौरा थाना मस्तूरी बिलासपुर का होना बताया। आरोपी का कृत्य आर्म्स एक्ट की धारा 25 का पाए जाने से अपराध पंजीतृि कर विवेचना में लिया गया।

## भाजपा किसान मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



भारत के संवैधानिक पद पर आसीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का उपहास करने पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष द्वारिका वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के गार्डन चौक में किया गया। इसमें प्रमुख रूप से किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश चंद्रवंशी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य टेसूलाल धुरंधर, विजय केसरवानी, खोडस कश्यप, संकेत शुक्ला, डोमन लाल वर्मा, शिव कटरिया, मणिकांत मिश्रा, हेमसिंग चौहान, अमित वर्मा, वासुठाकुर, नेतराम वर्मा, हितेश रात्रे, राहुल सोनी, दीपक वर्मा, कामेश वर्मा, योगी वर्मा, होरी वर्मा, गौतम यादव, दुलार वर्मा, डोमार यदु, सत्येन्द्र ध्रुव, गोविंद वर्मा, केजराम ध्रुव, रूपसिंग साहू, मोहन मरावी, बद्री ▶▶ शेष पेज 09 पर

### कॉलेज में विकसित भारत के लिए युवाओं के विचार पर हुई गोष्ठी

## खेती से निकले कचरे का ऑर्गेनिक खाद बनाने में हो उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय, भाटापारा में प्रधानमंत्री के सपने विकसित भारत 2047 के अंतर्गत Ideas from Youth for Viksit Bharat के अंतर्गत एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा अपने विचारों को रंगोली, पोस्टर एवं भाषण के माध्यम से साझा किया गया। यह कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय के सभा कक्ष में डॉ. एच एल सोनबोइर, अधिष्ठाता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. राजेश कुमार साहू प्राध्यापक ने प्रधानमंत्री के 2047 वर्ष तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने को पूरा करने के लिए युवाओं की भागीदारी को रेखांकित करते हुए कहा कि युवा ही भारत को विकसित बनाएंगे। इस अवसर पर छात्रों ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किया, जिनमें से कुछ महत्वपूर्ण सुझाव थे कि छात्रों का कृषकों के खेतों में प्रयोगिक अनुभव को और भी ज्यादा बढ़ाया जाना चाहिए। शिक्षण में प्रायोगिक पक्ष को और भी प्राथमिकता देना चाहिए, जिससे कि जब छात्र किसानों के मध्य जाएं तो उनमें आत्मविश्वास पूरा पूरा हो। कृषि से जो कचरा निकलता है उसका उपयोग करते हुए ऑर्गेनिक खाद बनाना एवं उसका उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए, साथ ही मिट्टी परीक्षण के अनुरूप खाद का उपयोग करने बाबत किसानों को बताना है। साथ ही समन्वित पोषण प्रबंधन के बारे से किसानों को जागरूक करना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अधिष्ठाता डॉ. सोनबोइर ने छात्रों को अपने विचारों को आत्मविश्वासपूर्वक समक्ष रखने की बधाई दी एवं उन्हें अपने इन सुझावों को आगे चलकर अमल में लाने हेतु पूरी तैयारी करने व प्रधानमंत्री के सपने को समय से पहले पहले पूरा करने के लिए कमर कसकर भिड़ जाने के लिए आव्हान किया। साथ ही उनके इन बहुमूल्य सुझावों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार साहू प्राध्यापक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अपने विचारों को सामने रखने वाले विद्यार्थियों में धीरज साहू, खिलेश मिर्चे, राकेश कुशवाहा, कुलदीप कंवर, ओंकार साहू, श्वेता, संध्या कुंडू, राहुल देवांगन, पीयूष तोहलिया, विष्णु, अंगद, इत्यादि छात्र थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के समक्ष समस्त प्राध्यापक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### किसानों को ड्रोन तकनीक के बारे में जागरुक करें

किसानों को ड्रोन तकनीक के बारे में जागरुक कर उसके उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। वर्तमान में हमारे राज्य में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य से ऊपर शासकीय खरीदी के कारण धान का क्षेत्रफल बढ़ता जा रहा है और अब मोनोक्रॉपिंग की स्थिति आ रही है, अतः दलहनी तिलहनी व अन्य फसलों की खरीद भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करने की सुदृढ़ व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे कि डायवर्सिफिकेशन हो सके। उत्पादन के पश्चात होने वाले नुकसान को कम करने व यातायात व स्टोरेज की सुविधा को बढ़ाना चाहिए।

### जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता 24 को

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 18 से 25 दिसम्बर के मध्य गुरू घासीदास जयंती सप्ताह के रूप में आयोजित की जायेगी। उक्त कार्यक्रम में जिला स्तर पर पंथी नृत्य का आयोजन किया जायेगा। इसमें एक टीम का चयन कर राज्य स्तरीय आयोजन में चयनित दल को भाग लेने अवसर दिया जायेगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरण किया जायेगा। उक्त संबंध में जिले में गरिमामय एवं सादगीपूर्ण तरीके से 24 दिसम्बर को शास.पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रवास बलौदाबाजार में कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी हेतु संयुक्त जिला कार्यालय कमरा नंबर 86, आदिवासी विकास बलौदाबाजार में 22 तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### बेटी बचाओ मंच ने मनाया कन्या जन्मोत्सव

**रायपुर।** बेटी बचाओ मंच संतोषी नगर के पदाधिकारियों ने बुधवार को कन्या जन्मोत्सव मनाया। मंच के सदस्यों ने बताया कि संतोषी बाघ और महेंद्र बाघ के यहां पुत्री के जन्म के अवसर को कन्या जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया। नवकन्या के पैर धोकर, चंदन का लेप करके, देवी का स्वरूप मानकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, ऋषि कुम्हार, अन्नपूर्णा कुम्हार, लता छुरा, राधा महानंद, अनुपमा दीप, शांति जगत, लक्ष्मी महानंद, निरंजन बाघ, रूदना बाघ, किसन छुरा, सुशील बाघ, जगन्नाथ महानंद उपस्थित रहे।

### 2 हजार से अधिक दवा प्रतिनिधियों ने की हड़ताल



**रायपुर।** फेडरेशन आफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आव्हान पर छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के दवा प्रतिनिधियों ने एक दिवसीय हड़ताल की। इसमें रायपुर में दो हजार से अधिक मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव काम बंद रखकर हड़ताल पर रहे। हड़ताल पुलिस लाइन नेहरू नगर स्थित दफ्तर के सामने शुरू हुई। रायपुर यूनिट के सचिव मनीष होनप ने बताया कि 8 सूत्रीय मांगों को लेकर रिप्रेजेंटेटिव हड़ताल पर रहे। छत्तीसगढ़ में एफएमआरएआई के आव्हान पर सीजी एसएमईयू राज्य संगठन के बैनर तले रायपुर इकाई के 2 हजार से अधिक दवा प्रतिनिधि पूर्णरूप से हड़ताल पर रहे।

### सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**रायपुर।** संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के 142 सांसदों को निलंबित कर दिया है। नई दिल्ली में इंडिया अलायंस की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार सांसदों के निलंबन और हमारे लोकतांत्रिक आधार पर गंभीर हमले का पुरजोर विरोध करते हुए 22 दिसंबर शुक्रवार को देशभर में एक दिवसीय विशाल विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया गया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश मुख्यालय सहित प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में उक्त मुद्दे को लेकर 22 दिसम्बर को दोपहर 12 से अपरान्ह 3 बजे तक एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### नुक्कड़ नाटक से दी गई मानव अधिकारों की जानकारी

**रायपुर।** मानव अधिकार दिवस सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में मंगलवार को मनाया गया। इस अवसर पर मानव अधिकार के विषय पर आधारित संगोष्ठी में मानव अधिकार पर अधिकारों की जानकारी वक्ताओं ने दी। मुख्य वक्ता डॉ. संजीव कर्मकार, डॉ. कमल वर्मा, नीता शर्मा, अधिवक्ता विनोद प्रधान थे। कार्यक्रम भारतीय मानव अधिकार जनकल्याण एसोसिएशन, शुभम शिक्षण व कला संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान ने नुक्कड नाटक के माध्यम से मानव अधिकारों की जानकारी दी। संस्था की अध्यक्ष महुआ मजुमदार ने कार्यक्रम में आए अतिथि एवं सदस्य को आभार प्रदर्शन किए। कार्यक्रम में मानव विकास की विभिन्न योजनाएं पर कार्य करने की शपथ भी ली गई।

### कांग्रेस महामंत्री चंद्रशेखर को नोटिस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस पार्टी के खिलाफ बयानबाजी पर पीसीसी ने प्रदेश कांग्रेस महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में चुनाव के परिणाम आने के बाद कांग्रेस कमेटी महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर अपना दुख और गुस्सा जाहिर किया था।

# आंखों के इंतजार में छह सौ पंजीकृत, नए मरीजों की पहचान के लिए दुर्ग जिले में होगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

दुनिया देखने के लिए राज्य में करीब छह सौ मरीजों को दान में आंखें मिलने का इंतजार है। ऑपरेशन योग्य नए मरीजों को खोजने के लिए एम्स दिल्ली की टीम नए साल में छत्तीसगढ़ आएगी। केंद्र सरकार की कार्निया ब्लाइंडनेस के खिलाफ अभियान के तहत दुर्ग जिले में सर्वे कर सूची तैयार की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक राज्य में हर साल दो से ढाई सौ लोग नेत्रदान करते हैं। इनमें से पचास प्रतिशत आंखें ही लोगों के जीवन से अंधियारा दूर करने के काम में आती हैं। आने वाले दिनों में प्रत्यारोपण के जरूरतमंदों की सूची और लंबी होने के आसार हैं। भारत सरकार कार्निया ब्लाइंडनेस के शिकार मरीजों की पहचान के लिए अभियान चलाने की तैयारी में है। इसके तहत तमाम राज्यों के एक-एक जिलों का चयन कर वहां विशेषज्ञों की टीम के माध्यम से क्लस्टर सर्वे करवाकर कार्निया प्रभावित मरीजों की पहचान का प्रयास किया जाएगा।

अंधत्व निवारण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डा. सुभाष मिश्रा ने बताया बताया कि इसके लिए छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले का चयन किया गया है। संभवतः जनवरी में दिल्ली एम्स की टीम यहां आएगी और क्षेत्र विशेष का चयन कर वहां प्रभावितों की पहचान के लिए सर्वे करेगी। इसके लिए करीब दस टीम बनाए जाएगी, जो अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर अपना काम करेगी। उक्त टीम सर्वे आधार पर रिपोर्ट तैयार कर केंद्र और राज्य से सरकार के साथ साझा करेगी, जिसके आधार पर अंधत्व निवारण अभियान को और तेजी के साथ पूरा किया जाएगा।

## जिला अस्पतालों में ज्यादा से ज्यादा सर्जरी करने के लिए सुविधा उपलब्ध

**खास बातें**

- प्रत्यारोपण योग्य मरीजों की सूची होगी तैयार, दिल्ली एम्स की टीम आएगी
- टीम सर्वे आधार पर रिपोर्ट तैयार कर केंद्र और राज्य से सरकार के साथ करेगी साझा



### मोतियाबिंद पायलट प्रोजेक्ट

राज्य में मोतियाबिंद अंधत्व निवारण के लिए पायलट प्रोजेक्ट का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत राज्य के तमाम शासकीय, निजी अस्पतालों और एनजीओ की मदद ली जा रही है। जिला अस्पतालों में ज्यादा से ज्यादा सर्जरी करने के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य में हर साल इसके लिए एक लाख से ज्यादा ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

# ब्लाक स्तर पर मनाया जायेगा सुशासन दिवस

**इसी दिन किसानों को 300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस का वितरण होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसान हितैषी लिए गए निर्णय के पश्चात बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के किसानों को 25 दिसंबर को विकासखण्ड स्तर पर सुशासन दिवस मनाकर किसानों 2 वर्ष के बकाया बोनस राशि का भुगतान किया जायेगा। इसकी प्रारंभिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने आज तैयारियों का जायजा लेते हुए कार्यक्रम स्थल का चिन्हांकन, हितग्राहियों को सूचना सहित अन्य गतिविधियों का समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके तहत वर्ष 2014–15 के 87 हजार 115 एवं 2015–16 के 90 हजार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के लंबित बोनस राशि 2014–15 के लिए 137 करोड़ रूपये एवं 2016–17 के लिए 142 करोड़ रूपये का भुगतान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में सहकारिता विभाग, खाद्य विभाग, पंचायत, जिला सहकारी बैंक, सहकारी समितियों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही 25 दिसम्बर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जायेगा।

इस दौरान ग्राम पंचायतों में स्थित अटल चौक में मल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ ही स्वच्छता अभियान का भी प्रारंभ करेंगे। इसके साथ ही नगरीय निकायों में सुबह विशेष स्वच्छता अभियान एवं अटल संध्या, काव्य पाठ, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, डीएफओ मयंक अग्रवाल, अपर कलेक्टर बीसी एक्का सहित विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे। लंबित बोनस राशि के संबंध में खाद्य अधिकारी विमल दुबे ने बताया कि जिले में खरीफ वर्ष 2014–15 में धान बेचने वाले कुल 87 हजार 115 किसानों से 4583587.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी, जिसका बोनस राशि 137 करोड़ 50 लाख है। इसी प्रकार खरीफ वर्ष 2015–16 में धान बेचने वाले कुल 90 हजार 262 किसानों से 4737371.50 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी, जिसका बोनस राशि 142 करोड़ 12 लाख रूपये भुगतान किसानों के खाते में सीधे समायोजन किया जाएगा। जिले में किसानों को ब्लॉक स्तर एवं समिति स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बोनस प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा। किसानों को 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस का वितरण किया जाएगा।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

ग्राम सेल में साहू परिवार द्वारा संकल्पित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलशयात्रा के साथ हुआ।

साहू परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ग्राम के महिलाएं सुसज्जित होकर बहुतायत संख्या में मंगल कलश धारण कर कलशयात्रा का शुभारंभ किया। आचार्य श्री को रथ पर बैठाकर, डीजे के साथ उत्साह पूर्वक ग्राम भ्रमण करते हुए, तालाब से जलपूजन कर भागवत पंडाल में प्रवेश किया गया। तत्पश्चात पीठपूजन के बाद व्यासपीठ से आचार्य पं. अनिल शुक्ला बसहा वाले द्वारा भागवत महात्म्य की कथा का व्याख्यान किया गया।

आचार्य ने बताया कि भागवत पुराण की दो दिव्य महिमा है, पहली महिमा भागवत कथा जीवों को जीते जी तारती है तथा दूसरी महिमा यह कथा जीवों को मरने के बाद भी तारने वाली कथा है। इस संदर्भ में उनके द्वारा पद्म पुराण में वर्णित प्रमाणित कथा प्रसंग का विस्तार पूर्वक वर्णन किया।

जब भक्ति महारानी अपने पुत्र ज्ञान व वैराग्य के कारण दुखी हुई तो नारद जी उनके दुख की निवृत्ति के लिए भागवत पुराण की कथा सुनकर भक्ति महारानी को सुख प्रदान किए। वहीं दूसरी महिमा के संदर्भ में धुंधकारी के कुकर्म के कारण प्रेत योनि की प्राप्ति होने पर उनके भाई गोकर्ण द्वारा भागवत कथा सुनाकर उन्हें प्रेत योनि से मुक्ति प्रदान किए। यही भागवत पुराण की दिव्य महीमा है जो जीवों को दोनों परिस्थितियों में तारती है।

ग्राम सेल के प्रतिष्ठित साहू परिवार लोचन प्रसाद साहू एवं यशवंत साहू द्वारा अपने पिता स्व. मोहन लाल साहू के पुण्य स्मृति में आयोजित ज्ञान यज्ञ में कथा श्रवण के लिए भक्तों को अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए आग्रह किया गया है।

# नि:शक्त हिमालय को मिली ट्राइसाइकिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर के वार्ड नंबर 4 इंदिरा कॉलोनी में निवासरत जायसवाल परिवार के दिव्यांग पुत्र को विधायक के हाथों ट्राइसाइकिल मिली। उल्लेखनीय है कि परिवार वाले विगत 12 सालों से ट्राइसाइकिल के लिए मांग कर रहे थे, लेकिन प्रशासनिक अनदेखी के कारण ट्राइसाइकिल नहीं मिल पा रहा थी। इधर 12 साल के लंबे संघर्ष करने के बाद ज़ब पता चला तो नगर के जन सेवक प्रशांत जायसवाल के नेतृत्व में कसडोल विधायक संदीप साहू ने गंभीरता लेते हुए तत्काल उस परिवार को एक ट्राई साइकिल मुहैया कराया और स्वयं अपने कांग्रेस संगठन के सभी साथी के साथ जाकर उनके घर में ट्राई साइकिल प्रदान की। इधर ट्राइसाइकिल मिलने से परिवार में खुशी की लहर है और परिवार ने विधायक संदीप साहू को आशीर्वाद और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। विधायक ने दिव्यांग हिमालय जायसवाल के लिए उनके हर सहयोग करने के आश्वासन दिया है। इस दौरान विधायक संदीप साहू के साथ जिला अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, युवा नेता प्रशांत जायसवाल, विमल देवांगन, चंदन साहू, योगेश बंजारे, निरेन्द क्षत्रीय, गायत्री केवट, रोहित साहू, बसंत श्रीवास, रामकिशन साहू सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# रेत-मुरुम का अवैध कारोबार जारी, 14 हाईवा पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




सेंट्रल एनजीटी के रोक लगाने के बावजूद प्रदेश में खनिज खदानों में अवैध रूप से उत्खनन का काम धड़ल्ले से जारी है। खनिज विभाग लगातार इस अवैध कारोबार में संलिप्त गाड़ियों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई तो कर रहा है, लेकिन इस कारोबार को रोक पाने में अब तक नाकाम रहा है। इधर खनिज माफिया के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि रोक के बावजूद खदानों में लगातार अवैध उत्खनन कराने के साथ परिवहन करा रहे हैं। रायपुर जिले में बुधवार को रेत और मुरुम से भरी 14 गाड़ियों को फिर पकड़ा गया है। सभी गाड़ियों के मालिक पर कार्रवाई कर उनसे जुर्माना राशि वसूल की गई है। इस कार्रवाई के तीन दिन पहले भी विभाग ने रेत, गिट्टी व मुरुम से भरी 10 गाड़ियों को पकड़ा था।

रायपुर जिले में भी खनिजों का अवैध कारोबार बेखौफ जारी है। पिछले 6 महीनों में जिले में रेत, गिट्टी व मुरुम के अवैध परिवहन के सैकड़ों प्रकरण सामने आ चुके हैं, जिस पर खनिज विभाग ने कार्रवाई भी की है। इसके बावजूद जिले में खनिज सामग्री का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कलेक्टर डा. सर्वेश्वर भुरे ने अवैध कारोबार पर नकल कसने के लिए अब विभागीय अधिकारियों को सुबह के साथ रात में भी टीम को गश्त करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के बाद जिले के खरोरा, उपरवारा, तिल्दा, अभनपुर, मंदिरहसौद क्षेत्र में विभागीय टीम ने 19 दिसंबर को रात में गश्त करते हुए 14 गाड़ियों को पकड़ा है। इनमें से 10 गाड़ियों में रेत तथा 4 गाड़ियों में मुरुम भरा हुआ था। सभी गाड़ियों के मालिकों के विरुद्ध चालान कर उनसे जुर्माना राशि वसूल की गई है।

### दिसंबर में साढ़े आठ लाख का जुर्माना वसूला

रायपुर जिले में दिसंबर में विभाग ने कुल 37 गाड़ियों को पकड़ा है। इनमें रेत से भरी 18, गिट्टी की 10 एवं मुरुम से भरी 9 गाड़ियों को पकड़ा गया है। इन प्रकरणों में गाड़ियों के मालिक पर कार्रवाई करते हुए कुल 8 लाख 56 हजार 560 रुपए जुर्माना राशि वसूल की गई है।

### सौ साल पुराने श्रीकृष्ण जन्मस्थान समाचारपत्र का पुनः प्रकाशन

**रायपुर।** पं. सुंदरलाल शर्मा की जयंती पर बुधवार को इतिहासकार डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान समाचारपत्र का पुनः प्रकाशन किया। इस अवसर पर डॉ. मिश्र ने बताया कि पं सुंदरलाल शर्मा ने सन 1921-22 में रायपुर जेल से हस्तलिखित श्रीकृष्ण जन्मस्थान समाचारपत्र का संपादन और प्रकाशन किया था। इसके छह अंक निकले थे और यह भारत की प्रथम जेल पत्रिका है। अब सौ साल के बाद वैभव प्रकाशन ने इसका पुनः प्रकाशन किया और संपादन डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र ने किया है। जेल पत्रिका के माध्यम से पं. शर्मा ने सामाजिक जागृति लाने का कार्य किया था। पत्रिका के माध्यम से अंग्रेजों के अत्याचार, शोषण और अन्याय के विरुद्ध आवाज बुलंद की गई थी। इसमें सेनानी भगवती प्रसाद मिश्र से संवाद और एक कविता भी है। सौ साल पहले रायपुर जेल कैसा था इसकी जानकारी भी पत्रिका से मिलती है। छत्तीसगढ़ साहित्य के महासचिव डॉ. सुधीर शर्मा ने इस ऐतिहासिक और दुर्लभ अंक के पुनः प्रकाशन के लिए डॉ. मिश्र को शुभकामनाएं दी है।

**धरसींवा ब्लाक में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर**

# चार सौ का बीपी-शुगर, ढाई सौ की टीबी जांच, आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




केंद्र सरकार की योजनाओं की उपलब्धि के बारे में जानकारी देने निकली विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगाए जाने वाले शिविर में लोगों को स्वास्थ के साथ योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। बुधवार को धरसींवा ब्लाक में शिविर के दौरान चार सौ लोगों के बीपी-शुगर, ढाई सौ की टीबी बलगम जांच की गई। इसके साथ 32 लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाकर भी दिया गया।

संकल्प यात्रा के साथ स्वास्थ्य अमले ने बुधवार को धरसींवा ब्लाक के ग्राम पंचायत पारसतराई, बरतनारा, धरसींवा तथा तिवरैया में शिविर का आयोजन किया। इस दौरान वहां पहुंचने वाले ग्रामीणों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक सलाह दी गई। इस दौरान दो टीबी मरीजों को पोषण आहार का वितरण किया गया। जिला मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि शिविर के दौरान एनसीडी, टीबी, सिकलसेल और एनीमिया की जांच पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

इसके माध्यम से छूटे लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। जिला स्तर पर पूरे प्रदेश में संचालित इस योजना के माध्यम से पूरे प्रदेश में एनसीडी के साथ अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जानकारी एकत्रित होगी, जिससे उसके उन्मूलन अभियान में काफी मदद मिलेगी। स्वास्थ शिविर के साथ वहां शासन की अन्य योजना से संबंधित शिकायतें लेकर उस पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही लोगों को रिझाने के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है।

# सीएम साय दिल्ली प्रवास पर भाजपा की बैठक में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मंत्रिमंडल विस्तार पर भी होगी हाईकमान से चर्चा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 22 दिसम्बर को दिल्ली जाएंगे। दिल्ली में 22 और 23 दिसम्बर को होने वाली भाजपा की बैठक में शामिल होंगे। बैठक में लोकसभा चुनाव, विकसित भारत संकल्प अभियान सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी। मंत्रिमंडल गठन को लेकर भी आलाकमान से चर्चा की संभावना है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दो उप मुख्यमंत्री ने 13 दिसंबर को शपथ ली थी। शपथ ग्रहण के बाद अन्य मंत्रियों के शपथ को लेकर लगातार कयास लगाए जा रहे हैं। विधानसभा सत्र के कारण 21 दिसंबर तक इन कयासों पर रोक लगी थी। अब सत्र के बाद भाजपा की दिल्ली में होने वाली बड़ी बैठक में शामिल होने जा रहे हैं। वहां पर दो दिन रहकर वे भाजपा के बड़े नेताओं से मिलकर राज्य में लोकसभा चुनाव की तैयारियों और अन्य मामलों पर चर्चा करेंगे। साथ ही पार्टी के आला नेताओं से राज्य मंत्रिमंडल के चेहरे को लेकर चर्चा कर मंत्रिमंडल गठन को लेकर चल रही चर्चाओं को विराम देंगे।

### दिल्ली से लौटने के बाद मंत्रियों की शपथ

भाजपा सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री श्री साय के दिल्ली से लौटने के बाद राज्य सरकार में 10 मंत्रियों को शपथ दिलाने का अंतिम निर्णय होगा। बताया जाता है कि शपथ ग्रहण समारोह का स्थल लगभग तय कर लिया गया है। अब हाईकमान की सहमति के बाद वहां से लौटकर मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे।

## खबर संक्षेप

### चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** कोतवाली पुलिस ने चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम देव बघेल 20 वर्ष गोपाल अस्पताल के पीछे का रहवासी है। आरोपी 20 दिसंबर को नेहरू नगर कालीबाड़ी के पास चाकू हाथ में लेकर घूमते हुए लोगों को आतंकित कर रहा था। पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### अवैध रूप से शराब बेचते एक गिरफ्तार

**रायपुर।** सरस्वती नगर पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत एक युवक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी का नाम मोतीराम कुम्हार निवासी दुर्गा नगर मस्जिद के पास का रहने वाला है। 20 दिसंबर को उसे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चांदी चौक कोटा पान ठेला के पास गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक थैला बरामद किया गया है, जिसमें 32 पौवा देशी शराब थी, जिसकी कीमत 3520 रुपए है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## पेज 7 के शेष

### विशेष पिछड़ी जनजाति...

बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से जिले के कसडोल विकासखण्ड अंतर्गत 2 गांवों में निवासरत 30 परिवारों को शत-प्रतिशत केन्द्रीय योजनाओं से लाभांवित किया जायेगा। इसके तहत बल्दाकछार में 25 परिवार एवं औराई में 5 परिवार निवासरत है।

### भाजपा किसान मोर्चा ...

वर्मा, तरचंद कन्नौजे, गजनन्द ध्रुव, रोमी, गजेन्द्र साहू, तिलक साहू, किशन तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अभियान : सरकारी योजनाओं से दी गई जानकारी

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में 'धरती कहे पुकार के' पर हुए रोचक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव




विकसित भारत संकल्प यात्रा में एक आधार स्तंभ कार्यक्रम धरती कहे पुकार के का है, जिसमें स्कूली बच्चों, छात्राओं और स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा धरती मां के दर्द और उपचार को बताया गया है। धरती मां कहती हैं मैं हजारों साल से बिना रुके, बिना थके अपने पथ पर चल रही हूं। मैं तब भी थी जब आप लोग नहीं थे और तब भी रहूंगी, जब आप लोग नहीं रहेंगे, पर अब ऐसा लगता है कि मैं थक रही हूं। आपकी धरती मां थक रही है। खेतों में इस्तेमाल किए गए रसायनों एवं रासायनिक खाद पानी और हवा में जहर घुल रहा है। मैं थक रही हूं। खेतों में इनके छिड़काव से मेरी मिट्टी वैसे ही जलती है। जैसे आपकी शरीर पर कोई तेजाब डाल दे। मेरे बच्चों को तो मेरा दुख का अंदाजा भी नहीं मेरी मिट्टी बंजर हो रही हूं। मिट्टी के पोषक तत्व खत्म हो रहे हैं। मेरा शरीर मिर्च की तरह जल रहा है। मेरी फसलों की पैदावर कम हो रही है। मैं धीरे धीरे थक रही हूं, लेकिन मुझे याद है पुराने जमाने मे आप लोग ही तो थे, जब अपनी मां के रखवाले थे। आप लोग प्राकृतिक खेती करते थे। आप जानते थे कि प्राकृतिक खेती परम्परा भी है जरुरत भी है और हमारे सभ्यता में तो प्रार्थना भी धरती कल्याण की है। ॐ देव शांति अंतरिक्ष शांति पृथ्वी शांति औषद्या शांति वनस्पतया शांति ॐ शांते ॐ शांते,सब का कल्याण हो।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची बुदबुदा



**मुड़पार-सरसीवां।** भारत सरकार से नियुक्त स्वास्थ्य नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मुखियार ने ग्राम बुदबुदा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। सभी विभाग द्वारा हितग्राहियों और नागरिकों को दिए जा रहे इस शिविर व्यवस्था कार्यक्रम का अवलोकन कर डॉ. मुखियार ने प्रसन्नता व्यक्त की। तारीफ में उन्होंने कहा कि अभी तक का विकसित भारत संकल्प यात्रा में सबसे अच्छा कैम्प मैनेजमेंट है। उन्होंने फोटोग्राफ्स वीडियो को भारत सरकार को रिपोर्टिंग भेजने की बात कही। जिले के ग्राम बुदबुदा, लिप्ती, कुम्हारी और पाट में वीबीएसवाय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वीबीएसवाय कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम में हितग्राहियों ने योजनाओं से हुए लाभ की जानकारी दी। स्कूली छात्राओं ने धरती कहे पुकार के अंतर्गत जैविक खेती करने के लिए सभी को प्रेरित किया। सभी गांव के वीबीएस यात्रा कार्यक्रम स्थल में पीएम आवास, पीएम फसल बीमा, आधार अपडेशन, कृषि विभाग द्वारा किसान केसीसी, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, बैंक, सामाजिक पेंश, राजस्व आदि विभागों का स्टॉल लगाया गया था, जिसमें विभागीय योजनाओं का आवेदन, जानकारी जन-जन को प्रदान की गई।

### तीन गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**मुड़पार-सरसीवां।** जिले के तीनों विकासखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सारंगढ़ ब्लाक के ग्राम सिलयारी और कपिस्दा–अ, बरमकेला के ग्राम कंडोला और सुखापाली में किया गया। सारंगढ़ ब्लॉक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक केराबाई मनहर थीं। बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम बांसउरकुली में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों में सुभाष जालान, द्वारिका साहू, धनेश साहू, भरत लाल साहू, गिरवर निराला, सतीश रात्रे, देवानांद मार्कण्डेय, हेतराम साहू, रथ बाई देवांगन, सुकदेव साहू, गणेशी राकेश, जय सिंह नाग, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, सीईओ योगेश्वरी बर्मन आदि उपस्थित थे। जिले के पांचों गांव में आयोजित कार्यक्रम में भारी भीड़ थी, जिनकों विभागीय चेकअप, सहायता, सुझाव, आवेदन, बीमा, रजिस्ट्रेशन आदि सुविधाएं प्रदान की गई।

इस विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में वाहन के स्वागत, उत्सव, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिकार्डेड संदेश प्रसारण, शपथ, मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों के अनुभव साझा, कृषि गतिविधियां अंतर्गत ड्रोन का प्रदर्शन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसानों से जैविक खेती पर बातचीत, ऑन स्पाट क्विज, स्कूली बच्चों और महिला सदस्यों द्वारा धरती कहें पुकार के और स्वच्छता गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और ऑन स्पॉट सेवाएं जिसमें स्वास्थ्य शिविर, टीबी परीक्षण, जनजातीय क्षेत्रों में सिकलसेल एनीमिया परीक्षण, पीएम उज्ज्वला नवीन पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड पंजीयन, आधार अपडेशन किया गया।

## मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए छम्मन महंत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी गतिविधि, टी एल एम के प्रयोग, कहानी उत्सव, खिलौना आधारित शिक्षा, रंगोली, चित्रकारी, अंगना म शिक्षा, स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों के कारण मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण के तहत मुख्य अतिथि लवन्या पांडेय अपर कलेक्टर जांजगीर चांपा, अध्यक्षता सुश्री भारती वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर चांपा के हाथों शासकीय प्राथमिक शाला खोरसी के प्रधान पाठक छम्मन महंत निवासी ग्राम कोटियाडीह जिला बलौदाबाजार को शिक्षा दूत सम्मान प्रदान किया गया। छम्मन महंत को इसके पूर्व राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक अवार्ड, स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय अवार्ड, समता साहित्य अवार्ड, मंच संचालन अवार्ड, राष्ट्रीय लेखन अवार्ड एवं अन्य अनेक अवार्ड मिल चुके हैं। छम्मन महंत को शिक्षा दूत सम्मान मिलने पर संवाद दाता मदन खांडेकर विकास खंड शिक्षा अधिकारी एम एल कौशिक, सहायक विकास खंड शिक्षधिकारी जे सारथी , एस सोनी, सुश्री एस भोसले,संकुल प्रभारी ए एल तंबोली, संकुल समन्यक ए मधुकर व्याख्याता बर्मनजी, कश्यपजी, शिक्षक विकास पांडे, रामसनेही साहू, प्रधान पाठक अजय मधुकर, शिक्षक घनश्याम दिनकर, पिंटू दास, विशेश्वर साहू, शिव साहू एवं अनेक लोगों ने बधाई दी है।

### डीजे की धून पर निकाली कलश शोभायात्रा



**बगबुड़ा।** नगर में गुरुवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा महामाया मंदिर से होते हुए पूरे नगर में निकाली गई।

## कामता प्रसाद बने पंचायत सचिव संगठन के अध्यक्ष



**कसडोल।** पंचायत सचिव संगठन जनपद पंचायत कसडोल का निर्वाचन बुधवार को निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र चंद्राकर, कमलेश साहू, चुड़ामड़ी साहू, माखन साहू पलारी द्वारा साहू धर्मशाला कसडोल में कराया गया। इसमें दो प्रत्याशी कामता प्रसाद साहू व कमल दास मानिकपुरी मैदान में थे। इसमें कुल मतदाता 115 थे, जिसमें से 109 लोगों ने मतदान किया। कामता प्रसाद साहू को 77 वोट मिले। क़मलदास मानिकपुरी को 31 वोट मिले। 1 वोट अवैध रहा। इस प्रकार से कामता प्रसाद साहू को 46 वोट से निर्वाचित घोषित किया गया। इस जीत के बाद पंचायत सचिव संगठन जनपद पंचायत के साथी चैतराम टंडन, ज्ञानचंद नायक, शशि भूषण नायक, कुमेश पटेल, भरत दीवान, श्यामानंद साहू, जोहल ठाकुर, मोतीलाल निर्मलकर, जितेंद्र यादव, कमलनारायण पैकरा, रामनाथ यादव, शिवकुमार साहू, जगदीश कैवर्त, शरद देवांगन, राधे साहू, रामलाल साहू, तुलसी अंचल, सनत पंकज, सहोदरा साहू, रामसनेही साहू, चंदा कुम्हार आदि ने बधाई दी।

## अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिता



**बलौदाबाजार।** ग्राम लवन बन में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर जन मानव विकलांग कल्याण संघ ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें पूर्व विधायक शकुन्तला साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के लिए खेल कुद प्रतियोगिता का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके अलावा जन मानव विकलांग कल्याण संघ ब्लॉक इकाई बलौदाबाजार संगठन के तत्वावधान में पंडवानी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर शकुन्तला साहू ने कहा कि आज का दिन विशेष दिवस हैं, जो दिव्यांगों को प्रोत्साहित करने का अवसर हैं। आप सभी योग्य है और अपनी क्षमता के अनुरूप अपना कार्य कर सकते हैं। आप सभी में हौसला और प्रतिमा की कोई कमी नहीं है। इस अवसर पर लवनबन के ग्रामवासी और पंच सरपंच शामिल हुए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का इनाम दिया गया। मोमबत्ती प्रतियोगिता में प्रथम रामकुमार पटेल ग्राम लवनबन, गुब्बारा किरण पटेल प्रथम, छोटा मटका बड़ा मटका प्रथम ईनाम आरती धीवर को मिला।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब ... के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएमडी प्लाजा, मंगला चौक, ... के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

12 वीं पुण्य तिथि
नैनं छिंदंति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः, न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥
जन्म 30.09.1954
निर्वाण 22.12.2011



स्व. श्री तिलेश्वर प्रसाद कश्यप जी
की 12 वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित
-: श्रद्धानवत् :-
दीपशिखा-चन्द्रकांत कश्यप (पुत्रवधु-पुत्र)
अदिति-अपूर्व कुमार गंगवार (पुत्री-दामाद)
अंकिता कश्यप (पुत्री) अनन्या कश्यप (पोती)
ग्राम सरवा, पोस्ट-कटगी, तहसील कसडोल, जिला-बलौदाबाजार
एवं समस्त कश्यप परिवार ग्राम सरवा

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** भलेसर के नयापारा में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। प्रार्थी सुशील कुमार तांडेकर पिता चोवाराम (22 साल) ने पुलिस को बताया कि आरोपी टोकेश ध्रुव पिता सोमन ध्रुव ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की ओर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के खिलाफ महासमुंद थाने में धारा 294, 323, 506 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है।

### फाइनेंस कराने के नाम पर महिला से 25 लाख की ठगी




**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने एक महिला से ठगी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी सुदिप्ता धारा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अमेजोन में फाइनेंस करने के लिए आवेदन किया था। इस आवेदन को लेकर एक व्यक्ति का सुदिप्ता को फोन आया। उसने प्रार्थी से पूछा कि क्या वह फाइनेंस कराना चाहती है। इसके लिए महिला तैयार हो गई, जिसके बाद अज्ञात व्यक्ति ने अलग-अलग बहाना बनाकर अपने खाते में 25 लाख 77 हजार 5 सौ रुपए की राशि जमा करा ली। रकम जमा कराने के बाद महिला का न ही फाइनेंस हुआ और न ही उसके द्वारा ट्रांसफर की गई रकम वापस मिली। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मोबाइल धारक के विरुद्ध धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### त्रुटि सुधार के लिए समाज ने मंत्री से लेकर अफसरों तक सौंपा ज्ञापन पर नहीं लिया गया संज्ञान में

# सोंझरी समाज के बच्चे भटक रहे जाति प्रमाण पत्र बनाने

भानु प्रताप साहू ▸▸| कसडोल

आजादी के 7 दशक बाद भी कसडोल विकासखंड के ग्राम कोट(र) के आश्रित ग्राम टिपरुंग में रहने वाले सोंझरी समाज के लोगों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। आलम यह है कि यहां निवासरत 45 घरों के 200 परिवार शिक्षा से वंचित है, या यह कहे कि कुछ बच्चों ने 5वीं, 8वीं या 12वीं पढ़कर स्कूल छोड़ दिया। क्योंकि इनका साफतौर पर कहना है, कि बिना जाति प्रमाण पत्र के आगे पढ़ाई कर पाना संभव नहीं है।

जब जाति प्रमाण पत्र ही नहीं होगा तो नौकरी कहां से मिलेगी। ऐसे में पढ़ाई कर समय और पैसा क्यों बर्बाद करना इनकी सोच में तब्दील हो चुका है। सोंझरी समाज के लखन सोंझरी ने बताया कि उनके द्वारा कलेक्टर, अनुसूचित जनजाति आयोग, एसडीएम, जनपद सीईओ, मंत्री, विधायक सहित तमाम जिम्मेदारों को इसकी शिकायत की है, बावजूद अभी तक केवल कागज दफ्तर से दफ्तर घूम रहा है, लेकिन इनकी समस्या पर क्षेत्रीय विधायक सहित किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों ने कार्रवाई की जहमत नहीं उठाई है। इस कारण समाज के बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है। बच्चें बीच में ही पढ़ाई छोड़कर घर में बैठे हैं। शिक्षा पूरी नहीं होने के कारण समाज में आज तक किसी को नौकरी नहीं मिली है। साथ ही जाती प्रमाण पत्र के बिना शिक्षा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### आखिर कौन लेगा सुध

लगातार शिकायत और अधिकारियों की कारस्तानियों के कारण आज सोंझरी समाज को उसका खामियाजा उठाना पड़ रहा है, छत्तीसगढ़ को मध्यप्रदेश से अलग हुए आज 22 वर्ष से ऊपर हो चुका है, 4 बार सरकार भी बदल चुकी है, लेकिन इन समाज पर अभी भी किसी की नजर नहीं पड़ी है। तभी तो इनकी सुनवाई केवल कागजों में हो रही है। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक यह समाज जाति प्रमाण पत्र के लिए जद्दोजहद करता रहेगा। और कब तक इन्हें न्याय मिलता है, यह देखने वाली बात होगी।










### सत्र 1942 से है निवासरत

आपको बता दे कि सोंझरी समाज के लोग यहां सत्र 1942 से अलग-अलग समूह में छत्तीसगढ़ के कई अन्य शहर और गांव में निवासरत है। विदित हो कि सोंझरी समाज आदिवासी समूह के 42 जातियों में समाहित है। राजपत्र में इनकी जातियों को दर्शित नहीं होने के कारण इनका जाति, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है, इसके चलते इनके बच्चों को पढ़ने में कठनाई हो रही है। सर्व सोंझरी समाज छत्तीसगढ़ द्वारा पत्र लिखकर राज्य सरकार एवं भारत सरकार से निवेदन भी किया है कि सोंझरी जाति को राजपत्र में दर्शित किया जाये। मगर सोंझरी समाज के लोगों का दफ्तर के चक्कर काटते हुए चप्पल तो घिस गया, मगर आज तक इनके समूहों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है जिसके चलते इनके छोटे छोटे नौनिहाल बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में समस्या हो रही है, इन्हें बिना जाति प्रमाण पत्र के स्कूल और शासन से मिलने वाली तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।





### मिशल में सोंझोला और जाती सोंझरी

जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए राजस्व विभाग में मिशल की आवश्यकता होती है, जानकार बताते हैं, कि मिशल का रिकॉर्ड 1928-29 का होता है और इसी रिकॉर्ड के अनुसार जाति प्रमाण पत्र बनाया जाता है, लेकिन जो समस्या सोंझरी समाज के सामने आ रही है, उसमें प्रमुख रूप से यह बातें सामने आ रही है कि उक्त रिकॉर्ड में सोंझरी की जगह सोंझोला लिखा हुआ है, जबकि जानकार और सोंझरी समाज उसे मात्रात्मक त्रुटि मान रहा है, लेकिन उक्त रिकॉर्ड में सुधार नहीं होने के कारण सोंझरी समाज के लोगों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। सूत्रों ने कहा कि उक्त मामला क्षेत्रीय विधायक सहित राजस्व के तमाम अधिकारी अगर संज्ञान में लेकर कार्रवाई करें तो जल्द ही सोंझरी समाज के लोगों का मिशल सुधर जाएगा। साथ ही उक्त समाज के लोगों का जाति प्रमाण पत्र आसानी से बनने लगेगा। बहरहाल इनकी समस्या पर कब तक निदान

### शिक्षा से हैं वंचित

सोंझरी समाज के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने के कारण ग्राम टिपरूंग के 45 परिवार के बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। ग्राम की सरिता सोंझरी ने बताया कि उनके द्वारा कक्षा 12वीं तक पढ़ाई की, लेकिन जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने के कारण पढ़ाई छोड़ना पड़ा। इसके अलावा पढ़ाई छोड़ने वालों में ही ममता सोंझरी कक्षा 12वीं, दिलेश्वरी सोंझरी 8वीं, इंद्रजीत सोंझरी 6वीं, यस कुमार 10वीं, ललिता सोंझरी 9वीं, बिश्वा सोंझरी 9वीं, पूर्णिमा सोंझरी 7वीं, दीपक 8वीं तक ही पढ़ाई कर पाएं है। इधर एक तरफ शिक्षा विभाग शिक्षा का अधिकार के तहत नौनिहालों को शिक्षा उपलब्ध करवा रही है, लेकिन वहीं दूसरी तरफ मात्रात्मक त्रुटि का शिकार सोंझरी जाती के लोग बिना जाति के पढ़ाई छोड़ रहे हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर शिक्षा के बिना कैसे बच्चें देश का भविष्य गढ़ेंगे। यह एक अहम सवाल है। इसके अलावा ग्राम के लखन लाल सोंझरी, मोहन लाल सोंझरी, पूरन लाल सोंझरी, फूल साय सोंझरी, हरदयाल सोंझरी, चैन सिंह सोंझरी, संतराम सोंझरी, बिखारी सोंझरी, चैत राम सोंझरी, अनपूर्णा सोंझरी, शान्ति सोंझरी, रोशनी सोंझरी, भगवती सोंझरी, गीता भाई सोंझरी सहित अन्य लोग शासन से कार्रवाई का इंतेजार कर रहे हैं।

### कई बार सौंपे हैं ज्ञापन

हम लोग कई वर्षों से जाति प्रमाण पत्र के लिए कलेक्टर, अनुसूचित जनजाति आयोग सहित तमाम मंत्री, विधायक को ज्ञापन सौंप रहे हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है, इस कारण हमारें समाज के बच्चें पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं।
**-लखन लाल सोंझरी,** अध्यक्ष, सोंझरी समाज, बलौदाबाजार

### मामला राज्य स्तर का है

आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है, कि सोंझरी समाज के लोगों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। इसी सत्र में प्रकाशित राजपत्र में कुछ-कुछ जातियों को जोड़ा गया है, फिलहाल मैं पूरे मामले को अपने वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखूंगा। जातियों को ऐड करने का मामला राज्य स्तर का है, शिक्षा से कोई वंचित नहीं होगा।
**-अंशुल वर्मा,** एसडीएम, गिरौदपुरी

### जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाना गंभीर

ग्राम टिपरूंग मेरे विधानसभा में है, सोंझरी समाज का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाना गंभीर विषय है, जाति प्रमाण पत्र नहीं होने से पढ़ाई भी नहीं हो पा रही होगी। आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है, मैं इस मुद्दे को विधानसभा में रखूंगी। और जल्द संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए पत्र लिखूंगी।
**-कविता प्राण लहरे,** विधायक, बिलाईगढ़

# आत्मानंद स्कूल में हुई खेलकूद प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल सोनी अध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा, अध्यक्षता रामेश्वर सिंह ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथि गोविंद राम वर्मा, पार्षद रश्मि वर्मा, कुंती सेन थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिल सोनी ने कहा कि बौद्धिक स्वस्थ के लिये खेलकूद अनिवार्य है। खेल भावना हम सब में निहित होती है, इसका परिपालन करते हुए हमें प्रतिस्पर्धा में सम्मिलित होना चाहिए। स्वागत भाषण रजनी मिंज प्राचार्य ने दिया। आभार प्रदर्शन हरीश देवांगन उपप्राचार्य और कार्यक्रम का संचालन डोमार सिंह यादव व्याख्याता ने किया। शाहिना परवीन, योगेंद्र त्रिपाठी, महेंद्र साहू, लुकेश्वर उइके, अजय कुर्रे, अनिल साहू, पावस पटेल के निर्देशन में मार्चपास्ट का आयोजन किया गया। पवित्री साहू व प्रीति मिश्रा ने बेहतर प्रदर्शन किया। एरोबिक्स का प्रदर्शन अनकृति भिड़े, योगिता देवांगन, सहित हिंदी व अंग्रेजी माध्यम के समस्त स्टॉफ के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हुआ।

# संयंत्र ने किसानों को बांटे बीज और दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

मिलेट विकास हेतु कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विभाग कृषि विकास केंद्र एवं अल्ट्राटेक रावन सीएसआर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अल्ट्राटेक रावन सीएसआर कार्य क्षेत्र के 15 गांवों से 130 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मिलेट उत्पादन हेतु अधिक से अधिक किसानों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना था। इसके अन्तर्गत किसानों को मिलेट, रागी के बीज वितरीत किये गये। बीज वितरण हेतु शासन की अनुदान राशि के अलावा कृषक अंशदान राशि का सहयोग अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में रबी फसल के बारे में कृषकों को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही ड्रीप एरीगेशन योजना की जानकारी तथा किसानों को बायोकोल उत्पादन संबंधी जानकारी वीडियो द्वारा प्रदान की गई।

सीएसआर हेड विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि मिलेट उत्पादन हेतु यह प्रशिक्षण क्षेत्र में मिलेट उत्पादन को बढ़ावा देगा। संयंत्र का सीएसआर के माध्यम से उत्पादन, प्रसंस्करण तथा मार्केटिंग के संबंध में और अधिक प्रशिक्षण शासन के साथ मिल कर प्रदान करेगी और भविष्य में इस क्षेत्र को मिलेट उत्पादन कलस्टर के रुप में विकसित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव जीसीएसआर अधिकारी ज्योत्स्ना पति एवं सुरेन्द्र यादव, दया वर्मा, धनेश्वरी साहू, शाहिल पैकरा, ताराचंद वर्मा टीम मेम्बर एवं रुपेन्द्र पंकज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।




### रावन सीएसआर कार्य क्षेत्र के 15 गांवों से 130 किसानों ने भाग

संयंत्र प्रमुख राजेश शंकर एवं मानव संसाधन प्रमुख बिनोद नाम्बियार के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में शासकीय कृषि विभाग से दीपक कुमार नायक उपसंचालक कृषि जिला बलौदा बाजार, जीएन तारम वरिष्ठ कृषि अधिकारी पलारी, जईन्द्र कंवर अनुविभागीय अधिकारी जिला बलौदा बाजार, दीवानजी कृषि विकास अधिकारी, सुचीन वर्मा कृषि विकास अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा से अंगद सिंह राजपुत वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा तथा देवी दयाल यादव क्षेत्रीय अधिकारी इफ्फको की उपस्थिति थी। अधिकारी ने कृषक को नैनो यूरीया भी प्रदान किया। संयंत्र से संजय यादव इनवायरमेंट डिपार्टमेंट, संजीव मिश्रा प्रशासनिक प्रबंधन अधिकारी की उपस्थिति रही। अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर. आडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में 15 गांवों के किसानों ने अपनी भागीदारी दी तथा नवीन जानकारी प्राप्त किये। किसानों ने कहा की मिलेट, योजना जानकारी हमारे लिए उपयोगी साबित हुई है।



# मटियाडीह में मनी गुरु घासीदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

गुरु पर्व की महीना दिसंबर चल रहा है। इसी तारतम्य में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की 267वीं जयंती 'ग्राम मटियाडीह' पर शौर्य प्रदर्शन व पंथी टोली के साथ हर्षोउल्लास से मनाई गई। विदित हो कि गुरु घासीदास बाबा ने उच्च नीच के भेदभाव से परे मानव समाज के लिए मनखे मनखे एक समान का मंत्र दिया था, जिसका अनुसरण आज न सिर्फ सतनामी समाज बल्कि समस्त मानव समाज के लिए अनिवार्य है। गुरु बाबा की जयंती मनानेग्राम खपरी चंदखुरी से पंथी टोली व ग्राम अड़सेना से शौर्य प्रदर्शन हेतु अखाड़ा पार्टी बुलायी गई थी। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्या सोना वर्मा, जनपथ पंचायत सदस्या झरना वर्मा व वरीष्ठ साहित्यकार जितेन्द्र निर्मलकर भी बाबा के चरणों में नमन किया। इंजीनियर सुरेश बंजारे ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्रामीण बलिराम टंडन, मुकंद गेन्डरे, कलीराम टंडन, रामकुमार गेन्डरे, रामेश्वर गेन्डरे, सोमनाथ गिलहरे, हेमू गिलहरे व समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### अगहन के अंतिम गुरुवार को महिलाओं ने मां लक्ष्मी की पूजा

**खरोरा।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में अगहन माह के अंतिम गुरुवार को मां लक्ष मी की पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने धन की देवी मां लक्ष्मी को विराजित कर एवं कलश स्थापित कर सभी गुरुवार को पूजन कर परिवार की सुख समृद्धि व धन धान्य की कामना की।



### कारोबारी को मारी गोली, हत्या के इरादे से ओडिशा से आया था आरोपी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के लभांडी क्षेत्र में बुधवार को दिनदहाड़े एक नल कारोबारी पर एक युवक ने गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी ओडिशा के सुदंरनगर क्षेत्र का रहने वाला है और बस के जरिए सुबह ही रायपुर पहुंचा था। यहां पहुंचने के बाद उसने कारोबारी से मोबाइल पर संपर्क कर मिलने के बहाने बुलाया और उस पर फायरिंग कर दी। वारदात के बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने वारदात के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अपने बयान में वारदात की वजह लेनदेन बता रहा है, जिस पर पुलिस को संदेह है। इसीलिए फिलहाल कारोबारी के होश में आने का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी अमन शर्मा सुंदरगढ़ ओडिशा का रहने वाला है। आरोपी बस के जरिए सुबह रायपुर पहुंचा था और यहां पहुंचने के बाद उसने लभांडी निवासी संदीप कुमार जो नल व्यापारी है, को मोबाइल पर संपर्क कर उसे मिलने के लिए लभांडी स्थित पुरानी शराब दुकान के पास बुलाया। करीब 11.25 बजे संदीप घटनास्थल पहुंचा। इसी दौरान अमन ने संदीप पर अपने पास रखे कट्टे से फायिरंग कर दी। गोली संदीप के सीने के नीचे लगी है। फायरिंग करने के बाद अमन वहां से भागने का प्रयास करता, उससे पहले ही संदीप ने उसे पकड़ लिया और शोर मचाना शुरू कर दिया।







